## हर घर तिरंगा अभियान' के तहत घर-घर फहराएं तिरंगा

# जिला कलक्टर ने अधिकारियों की ली बैठक, ब्लॉक स्तर तक दिए निर्देश

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा**

जिला कलक्टर श्री राजेंद्र सिंह शेखावत ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में उत्सव का माहौल बने और गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए। सोमवार को जिला कलक्टर शेखावत ने जलिा कलेक्ट्रेट सभागार में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि अभियान के तहत जिले भर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाएगा।



जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को अभियान की तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने तिरंगा रैली में बाइक, कार एवं साइकिल के साथ ही ग्रामीण स्थानों पर ट्रेक्टर शामिल करने तथा कार्यक्रमों की संपूर्ण व्यवस्था मौसम को ध्यान में रखकर करने के निर्देश दिए। युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। अभियान के सफल आयोजन के लिए उन्होंने विभागवार दायित्व निर्धारित करने तथा जिला एवं ब्लॉक पर संपादित होने वाली गतिविधियों की विस्तृत कार्ययोजना बनाकर कार्य संपादन के निर्देश दिए।

शाहपुरा जिले में आमजन जिला स्तर से ग्राम स्तर तक बढ़ चढ़कर हर घर तिरंगा अभियान में भाग ले रहे है।हर घर तिरंगा अभियान में विभिन्न स्तरों पर वाहन रैलीयां निकाली जा रही है , के 1192 विद्यालयों के 1 लाख 10 हज़ार से अधिक विद्यार्थीयों ने तिरंगा रैली में भाग लिया इसी के साथ जिला प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूर्व सैनिकों सहित स्काउट गाइड रैली तथा महिला सशक्त देश सशक्त एवं महिला पढ़ेगी। सोच आगे बढ़ेगी की थीम पर महिला तिरंगा रैली का भी आयोजन किया जाएगा । बैठक के दौरान जिला कलेक्टर शेखावत ने सभी डीएलओ को नशा मुक्ति अभियान की शपथ दिलवाई तथा देश को पूर्णत: नशा मुक्त बनाने के संबंध मे अपना बहुमूल्य योगदान देने का आह्वान किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुनील पुनिया सहित सहित के समास एसडीएम तथा सभी स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति की शपथ ली



**शाहपुरा ।** विकास अधिकारी चूनाराम विशनोई के निर्देशानुसार सहायक प्रशासनिक अधिकारी सूर्यप्रकाश शर्मा ने शपथ का वाचन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रकाश चंद्र स्वर्णकार सहित कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

## श्री खान्या के बालाजी महाराज मन्दिर प्रांगण में श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव



**शाहपुरा।** खान्या के बालाजी महाराज मन्दिर में सावण माह के पवित्र पर्व में नो दिवसीय श्री 1008 श्री खान्या के बालाजी महाराज एवं समस्त महिला मण्डल शाहपुरा ने नर्सिंग द्वार से डीजे के साथ कावड़ यात्रा प्रारम्भ की जो त्रिमूर्ति चौराया,रामद्वारा व कॉलेज के यहा होकर खान्या के बालाजी पंहुची।पण्डित देवकिशन शास्त्री ने आरती की महाराज श्री रामदास जी त्यागी भक्तगण राजेन्द्र खटीक,शंकर खींची,रामस्वरूप टेपण,धनराज खटीक, शम्भू सिंह भाटी,राधेश्याम धोबी,कान्हा गुर्जर, देवकरण माली,अंकित खटीक,शिवराज माली व पुष्पेंद्र कोली और महिला मण्डल अध्यक्ष विमला शर्मा,कंचन खटीक,सीता खटीक,विमला खटीक,लाडू गुर्जर,पायल खटीक,शीलू गुर्जर,रेखा कहार व गंगा गुर्जर आदि उपस्थित रहे। भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। कथा का आज चौथे दिन है समापन 17 शनिवार को होगा। कथा-पण्डित देवकिशन शास्त्री करेंगे। यह जानकारी राजेन्द्र खटीक ने दी।

# राष्ट्रीय तैराकी में सब जूनियर और जूनियर नेशनल में राजस्थान ने जीते दस पदक

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा**

भुवनेश्वर में संपन्न हुई 40वीं सब जूनियर और 50वीं जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य सहित कुल दस पदक जीते। राजस्थान ने पहली बार लड़कों की चार गुणा 50 मीटर मेडले रिले में भी रजत पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता में राजस्थान के बीस सदस्यीय दल ने हिस्सा लिया जिसमें 11 लड़कियां और नौ लड़के शामिल हैं।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद राजस्थान टीम सोमवार को जयपुर लौटी। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने टीम के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय तैराकी में राजस्थान एक ताकत के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश




में तैराकी की सीमित सुविधाओं के बावजूद प्रदेश के तैराक राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। राजस्थान के राजसमन्द के युग चेलानी ने तो पिछली जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अकेले ही 5 स्वर्ण पदक जीत नया इतिहास रच दिया था। इस बार हमने पहली बार दस पदक हासिल किए हैं। व्यास ने कहा कि प्रदेश में तैराकी के लिए अच्छी सुविधाएं और अच्छे कोच उपलब्ध हों, तो राजस्थान के तैराकों को ट्रेनिंग के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़े। प्रतियोगिता में राजस्थान के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक जयपुर की दक्षिणा जोशी ने लड़कियों के ग्रूप-2 की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में जीता। मोहम्मद अनस ने लड़कों के ग्रुप-1 की 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, सिरजन सिंह ने ग्रूप-2 की 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, हर्षदित्य सिंह ने ग्रूप-3 की 100 मीटर बैक स्ट्रोक स्पर्धा में रजत पदक जीता, वहीं पहली बार हर्षदित्य सिंह, ह्रदय भोजवानी, प्रतीक कुरिया और अमन सामोता की चौकड़ी ने 4 गुणा 50 मीटर मेडले रिले में भी राजस्थान को रजत पदक दिलाया। राजस्थान के लिए प्रतीक कुरिया ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल, रिसजन सिंह ने 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, मोहम्मद अनस ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, सिरजन सिंह देओल ने 20 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक और प्रतीक कुरिया ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में कांस्य पदक भी हासिल किया।

## भील उच्च व्यक्तित्व के धनी थे - विधायक बैरवा



**शाहपुरा।** शाहपुरा बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं बीजेपी एस.सी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री लालाराम बैरवा ने कहा है कि पूर्व प्रधान छोटू जी भील का दुर्घटना में असामयिक आकस्मिक निधन पर में अपनी गहरी संवेदना एवं सांत्वना शोक संतप्त परिवार के प्रति प्रकट करता हूँ। श्री छोटू जी भील अत्यंत सरल स्वभाव, मृदु भाषी, मिलनसार उच्च व्यक्तित्व के धनी थे। उनका आकस्मिक निधन अपूरणीय क्षति है ईश्वर परिवार जनों को इस दु:ख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। परम पिता परमेश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करे। इस दु:ख की घड़ी में हम सब परिवार जनों के साथ है।


**RANJAN POLYSTERS LIMITED**

Regd. Office: 11-12th K.M Stone, Chittorgarh Road, Guwardi, Bhilwara- 311001 (Rajasthan).
Email: ranjanpoly@gmail.com, Website: www.ranjanpolysters.com
CIN: L24302RJ1990PLC005560, Tel No.- 01482-297132

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2024**

(Rs. in Lacs, except as stated)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | | Unaudited | Not subject to review/audit | |
| | | 30.06.2024 | 30.06.2023 | 31.03.2024 |
| 1. | Total Income from Operations (Net) | 2312.71 | 2427.82 | 9341.07 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 323.98 | 183.38 | 786.72 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 323.98 | 183.38 | 786.72 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 227.56 | 124.75 | 570.50 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 225.92 | 123.93 | 563.94 |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each) | 300.09 | 300.09 | 300.09 |
| 7. | Reserve excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year. | | | 1608.97 |
| 8. | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | |
| | 1.Basic | 7.58 | 4.16 | 19.01 |
| | 2. Diluted | 7.58 | 4.16 | 19.01 |

Notes:- 1. The above results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on 12th August, 2024. 2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Half Yearly ended Financial Results is available on the Stock Exchange website www.msei.inand on the company's website, www.ranjanpolysters.com.

By the order of the Board
sd/-
Mahesh Kumar Bhimsariya
Managing Director
DIN No. 00131930

Date: 12.08.2024
Place: Bhilwara


# सोमवार को भराया ऋण मुक्तेश्वर महादेव का मेला



**लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा**

लसाडिया ग्राम पंचायत के देवपुरी गांव में सावण माह के चौथे सोमवार को ऋष्ा मुक्तेश्वर महादेव का मेला भरा मेले में सैकड़ो श्रद्धालुओ ने भाग लिया। जानकारी देते हुए समाजसेवी संजय मंत्री ने बताया की ऋष्ा मुक्तेश्वर महादेव के चने की दाल चढ़ने मात्र से मन्नत पूरी होती है बहुत पुरानी मूर्ति है चमत्कारी मूर्ति है लोगों को जूम देखने को मिलता है।अगर आपका बरसों से कर्ज नहीं उतर रहा है या फिर बैंक लोन से परेशान हो गए हैं, तो एक बार महादेव के इस मंदिर में जरूर आएं। मान्यता है कि यहां भगवान दर्शन मात्र से ही इंसान का हर कर्ज माफ कर देते हैं। सौमवार को खास महत्व रहता है । ऋष्ामुक्तेश्वर महादेव के बारे में गणपत गिरी महाराज कहते हैं कि अगर आपके ऊपर कर्ज है और हर तरह के उपाय के बाद भी ये नहीं उतर पा रहा है, तो भगवान ऋष्ामुक्तेश्वर की शरण में सोमवार को जाने से लाभ मिलता है।


दिनांक : 09.08.2024

**आम सूचना**

मैं मेरे अभिभाष्य भारतीय स्टेट बैंक, शाखा रासमेक, राजेन्द्र मार्ग, भीलवाड़ा, श्री सत्यनारायण पुत्र श्री दामोदर सुल्तानियां एव श्री दीपक कुमार पुत्र श्री सत्यनारायण सुल्तानियां, निवासी 11- एच-6, तिलक नगर, भीलवाड़ा की हिदायत एवं निर्देशानुसार निम्न आम सूचना प्रकाशित करता हूँ :-

यह कि श्री सत्यनारायण सुल्तानियां एवं श्री दीपक कुमार सुल्तानिया ने भूखण्ड संख्या 11 - एच - 6, तिलक नगर, भीलवाड़ा को श्रीमती भगवानी देवी पत्नी श्री शकर लाल खटीक, निवासी भीलवाड़ा से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांकित 28.11.2016 से क्रस किया। उक्त भूखण्ड को श्रीमती भगवानी देवी खटीक द्वारा श्रीमती कैलाशी देवी पत्नी श्री रामप्रकाश काबरा द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 23.12.2014 को खरीद किया गया। श्रीमती कैलाशी देवी काबरा द्वारा उक्त भूखण्ड श्रीमती अर्चना कंवर पत्नी श्री भंवर सिंह कविया, निवासी फतेहसिंह की ढाणी, जिला सीकर से जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 05.04.2007 के क्रय किया गया। श्रीमती अर्चना कंवर कविया द्वारा उक्त भूखण्ड श्री मांगीलाल, श्री हजारी पुत्र श्री सुरतराम खटीक, श्री राधेश्याम पुत्र श्री देवीलाल खटीक निवासीयान भीलवाड़ा के मुख्तीयारआम श्री बाबुलाल पुत्र श्री कन्हैयालाल कोठारी, निवासी भीलवाडा से जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांकित 31.01.1996 द्वारा खरीद किया गया। उक्त भूखण्ड श्री मांगीलाल, श्री हजारी पुत्र श्री सुरतराम खटीक एवं श्री राधेश्याम पुत्र श्री देवीलाल खटीक, निवासी भीलवाड़ा को नगर विकास न्यास द्वारा अवाप्त की गयी आराजीयात 1151, 1163, 3499 1151, 1164 की अवाप्ति की एवज में पारित अवार्ड संख्या 308 / 91 की पालना में जरिये पंजीकृत पट्टा विलेख दिनांकित 12.01.1995 आंवटित किया गया। उक्त श्री मांगीलाल, श्री हजारी लाल, श्री राधेश्याम खटीक द्वारा भूखण्ड के बाबत् पंजीकृत मुख्तीयारनामा श्री बाबुलाल पुत्र श्री कन्हैयालाल कोठारी, निवासी भीलवाड़ा के पक्ष में दिनांक 12.01.1995 को निष्पादित कर पंजीकृत कराया। उक्त भूखण्ड व उस पर निर्मित मकान को श्री सत्यनारायण सुल्तानियां एवं श्री दीपक कुमार सुल्तानियां द्वारा एल आई सी हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड में आवास ऋण के बाबत् सांम्यिक बंधक कर रखा है और उक्त आवास ऋण को श्री सत्यनारायण एवं श्री दीपक कुमार सुल्तानियां द्वारा भारतीय स्टेट बैंक में टेक ओवर करवाया जा रहा है। अतः सभी आमजन को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के वि य एवं भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सांम्यिक बंधक किये जाने के बाबत् किसी प्रकार का कोई उजर एतराज हो तो उक्त नोटिस के प्रकाशन से 15 दिवस की कालावधि में भारतीय स्टेट बैंक शाखा रासमेक, राजेन्द्र मार्ग, भीलवाड़ा में प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद गुजरने मियाद आम सूचना किसी प्रकार का कोई उजर एतराज मान्य नहीं होगा ।

**AJAY NAHAR, Advocate**
**22 / 259, Rajendra Marg, Bhilwara (Raj.) 311001**
**Ph.: 01482-223239 (R) 96942-10222**